
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

**10 नवंबर 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सच्चा ज्ञान यह है कि आप जानते हैं कि

आप कुछ नहीं जानते।

**सुकरात**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 10 नवम्बर

1. **परिवहन दिवस–** प्रतिवर्ष 10 नवम्बर को परिवहन दिवस के रूप में मनाया जाता है। परिवहन किसी देश के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण होता है। परिवहन साधनों के विकास से मनुष्य, वस्तुएं, आवश्यक सहायता अथवा सामग्री एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचायी जाती है। यह दिवस परिवहन क्षेत्र के विकास और उसके जागरूकता हेतु मनाया जाता है।

2. **विश्व विज्ञान दिवस–** 10 नवम्बर, 1999 ई. को दुनियाभर में विज्ञान के लाभ के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए प्रतिवर्ष शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस मनाये जाने का निर्णय बुडापेस्ट में हुए विश्व सम्मेलन में लिया गया।

3. **सुरेन्द्रनाथ बनर्जी का जन्म–** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापकों में से एक और पार्टी के सम्मानित नेता का जन्म 10 नवम्बर, 1848 ई. को कोलकाता में हुआ था। वर्ष 1905 में बंगाल का विभाजन का विरोध करने वाले अग्रणी नेताओं में से एक थे।

4. **रोहतास जिला का गठन –** 1784ई. में तीन परगनों रोहतास, सासाराम और चैनपुर को मिलाकर रोहतास जिला का गठन किया गया था। 1787 ई. में यह जिला शाहाबाद जिला को अंग हो गया। 10 नवम्बर, 1972 ई. को शाहाबाद से अलग होकर रोहतास जिला पुनः अस्तित्व में आया। इस जिले का नामकरण सूर्यवंशी राजा हरिश्चंद्र के पुत्र रोहिताश्व द्वारा स्थापित 'रोहतासगढ़' के नाम पर पड़ा। 1764 ई. में बक्सर के युद्ध के बाद यह क्षेत्र अंग्रेजों के अधिकार में आ गया। 1774 ई. में अंग्रेज कप्तान थॅमस गोडार्ड ने राहतासगढ़ किले को अपने कब्जे में ले लिया और उसे तहस–नहस कर दिया। रोहतास जिला का मुख्यालय सासाराम में है। सासाराम में शेरशाह सूरी का मकबरा स्थित है। यह जिला सोन नदी के पश्चिमी तट पर अवस्थित है।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को रोहतास जिला की चौहदी, पर्यटन स्थल, शेरशाह सूरी का मकबरा आदि के बारे में बतायें।

5. **डॉ. सच्चिदानंद सिंन्हा का जन्म–** डॉ. सच्चिदानंद सिंन्हा भारत के प्रसिद्ध सांसद, शिक्षविद्, अधिवक्ता और पत्रकार थे। उनका जन्म 10 नवम्बर, 1871 ई. को बक्सर जिले के मुरार गाँव में हुआ था। उन्होने लंदन से बैरिस्टरी पास किया। लंदन से लौटने के बाद खुदाबख़्स लाईब्रेरी के सेक्रेटरी पद पर भी कार्य किया। वे भारत के संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष भी नियुक्त किये गये थे। 1921 में डॉ. सिन्हा को 5 साल के लिए अर्थ सचिव और कानून मंत्री भी बनाया गया और इस तरह वे पहले हिन्दुस्तानी बने जो इस पद पर पहुँचे। औरंगाबाद जिले का एक महाविद्यालय का नामकरण उनके नाम पर किया गया है।

Sunday

### मधु प्रिया


# विश्व विज्ञान दिवस 10 नवम्बर




विश्व विज्ञान दिवस समाज में विज्ञान की महत्त्वपूर्ण भूमिका और उभरते वैज्ञानिक मुद्दों पर जनता को व्यापक स्तर पर संलग्न करने के उद्देश्य से यूनेस्को द्वारा प्रत्येक वर्ष 10 नवम्बर को विश्व विज्ञान दिवस मनाया जाता है। यह दिवस, विज्ञान के महत्त्व एवं प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए सभी सरकारी अधिकारियों, विद्यार्थियों, मीडिया आदि को एक साथ जोड़ने का प्रयास करता है। वर्ष 2020 के लिये विज्ञान दिवस की थीम 'विज्ञान, समाज के लिये और समाज के साथ' है। इस वर्ष वैज्ञानिक दृष्टिकोण के द्वारा कोविड-19 महामारी से निपटने के लिये यूनेस्को ने तीन प्रमुख पहलों को अपनाया है, ये पहलें हैं- अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग को प्रोत्साहन, स्वच्छ जल तक पहुँच सुनिश्चित करना और पारिस्थितिक पुनर्निर्माण का समर्थन। विज्ञान दिवस मनाने का विचार सर्वप्रथम बुडापेस्ट में वर्ष 1999 में आयोजित 'विश्व विज्ञान सम्मेलन' में प्रस्तुत किया गया था। तत्पश्चात यूनेस्को द्वारा वर्ष 2001 में इस दिवस की घोषणा की गई तथा पहला विश्व विज्ञान दिवस 10 नवम्बर, 2002 को मनाया गया। इस दिवस के माध्यम से यूनेस्को ने संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले वैज्ञानिकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने का प्रयास किया है इज़रायल-फिलिस्तीनी विज्ञान संगठन का निर्माण इसी का एक उदाहरण है।

# जयंती विशेष 10 नवंबर

राकेश कुमार




**डॉ सच्चिदानन्द सिन्हा** (10 नवम्बर 1871 - 6 मार्च 1950) भारत के प्रसिद्ध सांसद, शिक्षाविद, अधिवक्ता तथा पत्रकार थे। वे भारत की संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष थे। बिहार को बंगाल से पृथक राज्य के रूप में स्थापित करने वाले लोगों में उनका नाम सबसे प्रमुख है। 1910 के चुनाव में चार महाराजों को परास्त कर वे केन्द्रीय विधान परिषद में प्रतिनिधि निर्वाचित हुए। वे प्रथम भारतीय हैं जिन्हें एक प्रान्त का राज्यपाल और हाउस ऑफ् लार्डस का सदस्य बनने का श्रेय प्राप्त है। वे प्रिवी कौंसिल के सदस्य भी थे।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 10.11.2024

## मनोवैज्ञानिक अवधारणा

मनोवैज्ञानिक अवधारणा मानव व्यवहार या मानसिक प्रक्रियाओं को समझने और समझाने के लिए मनोविज्ञान में इस्तेमाल किए जाने वाले व्यापक विचार या ढांचे को संदर्भित करती है। ये अवधारणाएँ मनोवैज्ञानिकों को जानकारी को व्यवस्थित करने और मानवीय विचारों, भावनाओं और कार्यों के बारे में पूर्वानुमान लगाने में मदद करती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**जब दुनिया को रेखाओं और आकृतियों के बारे में कुछ भी नहीं पता था, तब हमारे पूर्वज संतुलन में शानदार कृतियाँ बना रहे थे।**

# TOB खेल कॉर्नर

राकेश कुमार







## बॉक्सिंग

# बॉक्सिंग गेम क्या है?





### बॉक्सिंग की शुरूआत

**सेंट लुइस 1904** के आधुनिक ओलंपिक खेलो मे डेब्यू से पहले बॉक्सिंग को **पहली बार 688 ईसा पूर्व** में प्राचीन ओलंपिक खेलो में प्रदर्शित किया गया था। पेरिस 2024 में, कुल **248 मुक्केबाज** प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिनमे **124 महिलाएं** और **124 पुरुष** शामिल है।




### बॉक्सिंग खेल क्या है?

बॉक्सिंग बिना किसी हथियार के सिर्फ **दोनो हाथो के साथ मुकाबला** करने का एक तरीका है। जिसमे एक एथलीट अपने प्रतिद्वंद्वी के **सिर या शरीर पर मुक्के** मारकर अंक हासिल करने का प्रयास करता है। ये अंक जजो द्वारा तय किए जाते है या फिर मुकाबले के दौरान रेफरी किसी मुक्केबाज को मुक्केबाजी करने के लिए असमर्थ करार दे देता है।

### बॉक्सिंग के नियम



- बॉक्सिंग मुकाबला **एक रिंग** मे होता है, जो **4.9 मी चौड़ी** और **7.3 मी लंबी** होती है।
- इसके चारो कोनो के बीच **रस्सियां** एक ऊंचे कैनवास मैच से जुड़ी होती है।
- एक मुकाबले मे **दो मुक्केबाज** कई राउंड मे एक-दूसरे का सामना करते है, जो **तीन मिनट** तक चलता है।
- अगर मुक्केबाज को मारकर जमीन पर गिरा दिया जाता है। तो इसे **नॉकडाउन** कहा जाता है और रेफरी **10 तक** गिनना शुरू करता है।
- जज हर राउंड मे अलग-अलग स्कोर करते है और मुक्केबाज को **10 अंक मे से** उनके मुक्को की **शक्ति और सटीकता** के आधार पर अंक देते है।



- अगर प्रतियोगिता अंत तक चलती है तो ये स्कोरकार्ड ही **विजेता को तय** करते है।

### बॉक्सिंग के प्रमुख खिलाड़ी

#### लवलीना बोरगोहेन



महिला मिडिलवेट डिवीजन मे **वर्ल्ड चैंपियन** बनकर देश का नाम रौशन किया। पेरिस ओलंपिक 2024 मे भारतीयो को मेडल की उम्मीद है।

#### जरीन निखत



जरीन निखत ने 2022 मे महिला मुक्केबाजी **वर्ल्ड चैंपियनशिप** मे **स्वर्ण पदक** और एशियाई खेलो 2023 मे **कांस्य पदक** जीता था।

# जयंती पर सादर नमन

## सच्चिदानंद सिन्हा

10 नवंबर 1871-6 मार्च 1950



Madhu priya

www.teachersofbihar.org


विश्व विज्ञान दिवस
10 नवंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


10 नवंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
PASSPORT
विश्व परिवहन दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya